डिप्टी स्पीकर साहब, कोयले के बारे में मैंने कल एक पौजिटिव बात कही थी। वह बात आज आपने अखबारात में भी देखी होगी। सुरजेवाला जी उस बात को डायरैक्टली तो नहीं माने लेकिन इनडायरैक्टली माने हैं कि गलती से एक रैक थर्मल प्लांट में आ गया था। डिप्टी स्पीकर साहब, फैक्ट यह है कि कोयले का अच्छा रैक तो प्राईवेट इंडस्ट्री को दे दिया गया और खराब कोयले का रैक थर्मल प्लांट में रख लिया गया। उस खराब कोयले की वजह से थर्मल प्लांट चलने से रूक गया। मैं आपकी मारफत इनसे अर्ज करूंगा कि ये इस बात की इंक्वायरी करवा लें। (विघ्न)

चौधरी भजन लालः यह मामला तो रेलवे से सम्बन्ध रखता है।

चौधरी तैय्यब हुसैनः थर्मल प्लांट वालों ने ऐसा किया है।

चौधरी भाम ोर सिंह सुरजेवालाः हमें यह बात मालूम नहीं।

चौधरी तैय्यब हुसैनः आप इंक्वायरी करवा लीजिए। अगर आपको मालूम नहीं तो इसमें क्या बुराई है कि सही चीज आपके सामने आ जाए।

चौधरी भाम ोर सिंह सुरजेवालाः पता करवा लेंगे लेकिन थर्मल प्लांटस और बिजली बोर्ड इंडस्ट्रीज से डील नहीं करते।

चौधरी तैय्यब हुसैनः डिप्टी स्पीकर साहब, सरकार को यह भी मौनिटर करना चाहिए कि विजिलैंस डिपार्टमैंट ने कितने औफिसर्ज के खिलाफ रिपोर्ट दी है और उनके विरूद्ध क्या कार्यवाही हुई है ?

ला एंड आर्डर के मामले का जहां तक ताल्लुक है, उसके बारे में मैं यह अर्ज करना चाहता हूं कि उसको सही ढंग से चलने दिया जाए। ज्यादा अच्छा हो यदि सियासी इन्टरफ ीयरैंस न हो। तो मैं अर्ज करूंगा कि सियासी इंटरफीयरैंस

को रोका जाए। साथ ही मैं यह भी अर्ज करूंगा कि टैक्सिज की जो प्रपोजल्ज दी गई हैं, उनको बिल्कुल हटाया जाए वरना इससे गरीब आदमी और ज्यादा गरीब हो जाएगा। यह कमर तोड बजट है। इसमें बिजली और एग्रीकल्चर की तरफ वह तवज्जो नहीं दी गई जो दी जानी चाहिए थी। इन अल्फाज के साथ मैं आपका भाुक्रिया अदा करता हूं कि आपने मुझे टाईम दिया।

चौधरी ई वर सिंह (पुंडरी): डिप्टी स्पीकर साहब, जो बजट सागर राम गुप्ता जी ने पे ा किया है, वह बैलेन्सड बजट है, हरियाणा की प्रगति को जाहिर करता हैं सरकार के नि चय भी निरन्तर हरियाणा को प्रगति की ओर ले जा रहे हैं। इसमें बताया गया है कि सन 1970–71 के स्थिर मूल्यों के हिसाब से 1979–80 में 1200 करोड रूपये की हमारी आमदनी थी, 1983–84 में 1547 करोड रूपये तक हो गई और 1984–85 में 1592 करोड हो गई। इसी तरह से प्रैजैन्ट रेटस पर राज्य की आय, सन 1979–80 में 2423 करोड रूपये थी और सन 1983–84 में 4320 करोड रूपये तक पहुंच गई। डिप्टी स्पीकर साहब, तीन सैक्टर्ज होते हैं, प्राइमरी, सैकेण्डरी, टर ायरी। इनमें इसी तरह से हमारे यहां वृद्धि होती जा रही है। पहला प्राइमरी सैक्टर ऐग्रीकल्चर और अलाईड एक्टिवीटीज से सम्बंधित है, दूसरा मैन्यूफ ैकचरिंग/इंडस्ट्री से और तीसरा जनरल सैक्टर से। सभी में उन्नति हो रही है। गवर्नमैंट की फिगर्ज के हिसाब से हमारी पर कैपिटा इनकम सन 1979–80 में 1949 रूपये थी, वह बढ कर

1983–84 में 3147 रूपये हो गई है। इस तरह से चार साल में 61 परसैंट बढौतरी हुई है। छटी पंचवर्शीय योजना में 1638 करोड रूपया खर्च हुआ और नैचुरल कलेमिटिज के लिए भी अधिक रूपया रखा गया, वह पैसा इसके अलवा है। ऐम्पलाईज की ए0डी0ए0 की कि तें भी बढीं, वे प्लान में भामिल नहीं हैं, वे नान प्लान में हैं। नैचुरल कलेमिटिज और जो दूसरी राहत दी गई, उन पर 570 करोड रूपये से अधिक खर्च किया गया है। जहां तक छटी प्लान का ताल्लुक है इरीगे ान एण्ड पावर को प्रायरिटी दी गई है। इन पर 966 करोड रूपया खर्च किया गया हैं यह कुल योजना का 59 परसैंट है। इन सालों में हमारा इरीगे ान का 3.52 लाख हैक्टेयर एरिया बढा है, एक लाख टयूबवैल्ज लगे हैं, बिजली उत्पादन क्षमता 362 मैगावाट हुई है। इसी तरह से एग्रीकल्चर क्षेत्र में हाई यील्ड वैरायटी ज्यादा एरिया में ले गये हैं, फर्टिलाइजर का अधिक प्रयोग किया गया। इसका नतीजा यह है कि पैदावार बढाने में हमारे किसानों का बहुत बडा हाथ है। वे नई टैक्नोलोजी को समझते हैं और उनके योगदान से ही पैदावार बढी है।

डिप्टी स्पीकर साहब, यहां पर एस0वाई0एल0 की बात की गई और कल भी एस0वाई0एल0 के बारे में रैजोल्यू ान आया था उस पर भी काफी डिटेल में चर्चा हुई। उस वक्त यह भी कहा गया कि जे0एल0एन0 कैनाल और लिफट इरीगे ान स्कीमों के लिए पानी की कमी है और यह सरकार सो रही है। पहली चीज

इन्फ्रास्ट्रक्चर की होती है। वह सरकार ने बना दिया है। जब हमने पहले इनफ्रास्ट्रक्चर पैदा कर दिया और उस पर रूपया भी खर्च कर दिया तो हमारा क्लेम बनता है। इसी तरह से लिफट इरीगे ान स्कीम्ज हैं, उनकी भी हमारे यहां और जरूरत है। अम्बाला जिले में खास तौर से है क्योंकि यहां से पानी बह कर आगे चला जाता है और उस इलाके को पानी नहीं मिलता है। इसी प्रकार से करनाल और कुरूक्षेत्र के जिलों को भी जरूरत है। वहां रेलवे लाईन और जी0टी0 रोड के बीच पूर्व की ओर सूखा हिस्सा पडा है। उसके लिए लाडवा और नलवी की स्कीम बना दी। यह पैडी और गन्ना ग्रोइंग एरिया है। यहां पर पानी आयेगा तो और ज्यादा उत्पादन बढेगा। 70 करोड रूपया एस0वाई0एल0 के लिए अगले साल में रखा गया है। सुरजेवाला जी ने बताया है कि जून 1987 तक एस0वाईएल0 कैनाल पूरी हो जायेगी जो पंजाब के हिस्से में बननी है। इससे जो हमारी सिवानी, लोहारू, जुई और नंगल आदि की लिफ्ट इरीगे ान स्कीमें हैं उनमें पानी आयेगा। जे0एल0एन0 कैनाल में भी लगभग लिफ्ट इरीगे ान स्कीम है। इस नहर के चालू होने से सभी जगहों पर पानी पहुंच सकेगा। दूसरे हमारी नहरों का सिस्टम इंटर कनैक्टिड है। भाखडा और डब्लयू0जे0सी0 का पानी एक जगह से दूसरी जगहों पर जा सकता है।

डिप्टी स्पीकर साहब, अम्बाला जिले के बारे में सभी भाई कह रहे हैं कि यहां पर भी पानी आना चाहिए। जब हमें

एस0वाई0एल0 का पानी मिल जायेगा तो अम्बाला का जो ऊपर का हिस्सा है, दादुपुर से नहर निकाल कर उस हिस्से में पानी पूरी तरह से दिया जा सकता है। नहरों की तथा नालों की लाईनिंग के लिए भी 26 करोड रूपया रखा गया है और साथ ही हर महकमें में मोनिटरिंग और ईवैल्यूए ान सैल्ज बना दिये गये हैं। हम महसूस कर रहे हैं कि नहरों में खास तौर से जो लाइनिंग का सिस्टम है वहां हर जगह पर बराबर का काम नहीं है। बाज जगह पर नहर के काम में अच्छा मैटिरियल लगा है और बाज जगह कमी है, स्पैसिफिके ान के मुताबिक नहीं है। जो पहले रेमिंग होती है वह अच्छी होनी चाहिए। पहला कोट जो सीमैंट और रेत का करतेत हैं, वह ठीक होना चाहिए। वहां पर रेत का प्रयोग ठीक तरह से इंजीनियर्ज नहीं करते हैं। उसका कारण यह है कि वहीं रजबाहों से रेती निकाल कर लगा देते हैं जिसमें मिटटी का अं ा होता है, वह सीमैंट को खा जाता है। एक और पांच की रे ाों से सीमेंट और रेत मिला कर पहला कोट एक सूत का होना चाहिए और दूसरा कोट एक और तीन की रे ाो से सीमेंट और रेत मिला कर होना चाहिए लेकिन वह हर जगह पर स्पैसिफिके ान के मुताबिक नहीं होता है। इस और ज्यादा विजिलैंस की जरूरत है। बाज जगहों पर देखा जाता है कि घाट साल भर में टूट जाता है और माइनर्ज में खास तौर पर ऐसा होता है। जब भोर ाह सूरी के टाईम की मीनारें 440 साल से खडी हैं और उनकी एक ईंट निकालने से भी नहीं निकलीती है तो हमें इस ओर भी ध्यान देना चाहिए ताकि काम ठीक हो सके।

इसी तरह से 15 लाख हैक्टेयर भूमि पर जहां बाढ का पानी आ जाता था उसका भी बचाव कर लिया गया है। सोनीपत और रोहतक में जो ड्रेन नम्बर आठ निकलती है उसकी कैपैसिटी बढाने के लिए 14 करोड अगले साल के लिए रखा गया है, उससे बाढ की काफी रोकथाम होगी।

नाथपा झाकडी की भी यहां पर बात की गई कि इस स्कीम को हरियाणा सरकार ने सैंटर को दे दिया। इसमें कोई गलत बात नहीं है। सैन्टर से जो पैसा हमें आना था वह लोन के रूप में आना था, अगर उस पैसे को सैन्टर इस प्रोजैक्ट पर अपने हाथ से लगा दे तो हमें क्या नुक्सान हैं हरियाणा सरकार अपने प्रोजैक्ट जो आलरेडी हाथ में हैं, जैसे पानीपत का थर्मल प्लांट, यमुनानगर का हाईडल प्रोजैक्ट, उन्हें ही पूरा कर ले तो बडी अच्छी बात है। सैन्टर नाथपा झाकडी के प्रोजैक्ट को तेजी से पूरा करेगा। हरियाणा को अपना हिस्सा 40 प्रति ात इस प्रोजैक्ट में से मिलेगा। सैंटर में जो हमारा खाता है उसमें वह इस प्रोजैक्ट पर लगाये पैसे को लिख देगा और बाद में इसकी वसूली होती रहेगी।

इसके साथ ही बिजली भी अगले फाईव ईयर प्लान में 898 मैगावाट पैदा की जा सकेगी। अगली फाईव ईयर प्लान में 430 मैगावाट पानीपत में, 420 मैगावाट यमुना नगर में और 48 मैगावाट हाइड्रो जनरे ान जिसका आन आफ हमारे अपने हाथ में होगा, हम पैदा कर सकेंगे। इसके अलावा एटौमिक पावर हाउस के लिए भी सरकार कोि ा ा कर रही है। हमारे यहां पर जहां तक

फूड ग्रेन्ज की पैदावार का ताल्लुक है, इस वर्श 71 लाख टन फूड ग्रेन्ज पेदा हुए हैं। अगले साल 75.1 लाख टन अनाज का लक्ष्य रखा गया हैं इसी तरह से भूगर केन में 7.65 लाख टन और काटन बेल्ज का लक्ष्य 8 लाख नियत किया गया है। हमारे यहां पर गन्ने की पैदावार तमिलनाडु और महाराश्ट्र के मुकाबले कुछ कम है। लेकिन काटन की पैदावार में पर एकड ईल्ड के हिसाब से हम सारे हिन्दुस्तान में फर्स्ट हैं। एग्रीकल्चर के साथ ही हौर्टीकल्चर के लिए भी पैसा रखा गया है। क्योंकि यह देखा गया है कि महेन्द्रगढ़, गुड़गांव, भिवानी इत्यादि के कुछ ऐसे एरियाज हैं जहां पर टोटल एरिया के मुकाबले में इसके लिए एरिया बहुत कम है। इससे यह जाहिर होता है कि फलों और सब्जियों की का त बहुत ही कम है। इसको बढावा देने के लिए खास तौर पर इस बजट में प्रावधान किया गया है। जहां तक इन्टैग्रेटिड रूरल डिवैल्पमैंट स्कीम और नरेप की स्कीमों तथा दूसरी स्कीमों का सम्बंध है, इनके द्वारा गरीब आदमियों का भला सोचा गया है। रूरल एम्पलायमैंट गारन्टी स्कीम जैसी योजनाएं बनाकर गरीब लोगों की भारी मदद की गई है क्योंकि देहात में ज्यादातर लोग ऐसे हैं जिनको 12 महीने का काम नहीं मिलता। खेती का काम तो मौसमी है। जब बुआई या कटाई होती है, उस वक्त काम होता है या हमारे इलाके में पैडी की लगाई या कटाई के समय थोडा बहुत काम मिल जाता है, वरना काम नहीं मिलता। सारे साल पूरी दिहाडी का काम मिल सके। 100 दिन के काम की रूरल एम्पलायमैंट गारन्टी स्कीम के तहत 88 हजार फैमिलिज को लाभ

होगा। जो भाई गरीबी की रेखा से नीचे रहते हैं, उनके लिये भी यह सरकार काफी कुछ कर रही हैं। सर्वे कराने के बाद यह पता चला कि हरियाणा में 8 लाख परिवार ऐसे हैं जो गरीबी की रेखा से नीचे रहते हैं। 5 लाख परिवारों को इसी इन्टैग्रेटिड रूरल डिवैल्पमैंट स्कीम के अधीन कर्जे दिये चुके हैं। आखिर कर्ज का मतलब साधन मुहैया करवाना होता है। कोई भैंस लेगा, भेड बकरी लेगा, सूअर लेगा, कोई झोटा बुग्गी लेगा या अपना कोई काम धन्धा भुरू करेगा। कई बार तो ये लोग सौ सौ रूपया रोज तक भी कमा लेते हैं। इस तरह से उनकी गरीबी दूर होगी। यह भी अन्दाजा लगाया गया है कि अगले साल इन 5 लाख में एक लाख के करीब और आदमी जुड जायेंगे। जहां तक बाकी 2–3 लाख के करीब गरीबी की रेखा से नीचे रहने वाले परिवारों का ताल्लुक है, उनके लिये भी मुझे यही मालूम हुआ है कि कुछ लोगों को कर्जे दिये गये हैं उनके पास अब कुछ न कुछ साधन हो गये हैं जिनसे वे अपनी आमदनी बढा सकते हैं। स्पीकर साहब जो 2–3 लाख बाकी के परिवार हैं, उनको भी यह सरकार साधन मुहैया करा रही है। इसी तरह से कोआप्रेटिव के लिए भी 255 करोड रूपये का लोन एक साल में दिया गया है। हैफैड की भी बहुत सी स्कीम्ज हैं जिनके लिए 145 करोड रूपया रखा गया है। (घंटी) मैं एक दो मिनट में खत्म करता हूं। इसी तरह से इंडस्ट्रीज के लिए भी हमारी सरकार काफी कोि ा ा कर रही है। एक तेल भाोधक कारखाना पानीपत में लगा रही है। इलैक्ट्रोनिक्स उद्योग पंचकूला में और गुडगांव में लगाये जा रहे हैं। इसी तरह से वीवर्ज के लिए

भी हम खास तौर पर कुछ न कुछ कर रहे हैं। इसके अलावा तीन भूगर मिल्ज इस साल लग चुकी हैं और तीन भूगर मिलें अगले सालों में भी लगाने का प्रोग्राम है। नान रैंजीडैंट इंडियन्ज के पास सबको पता है कि काफी पैसा है। ऐसे 368 लोगों ने हमारे यहां पर कारखाने लगाने की इच्छा जाहिर की है। आपको पता है कि इनको कारखाने लगाने की अनुमति प्रदान की जा चुकी है। जितने कारखाने हमारे यहां लगेंगे उतनी ही स्टेट की इन्कम बढेंगी। टैक्सों की वसूली ज्यादा होगी। इसके अलावा 6300 अनएम्पलायेड एजुकेटिड परसन्ज को 25000 रूप्ए तक काच लोन दिया गया है ताकि वे अपना काम धन्धा जारी कर सकें। वन विन्डो सर्विस हमने इसके लिए प्रोवाइड कर रखी है, वहां पर सारे डिपार्टमैंटस के कन्सर्न्ड आदमी होते हैं। टैक्नीकल आदमी भी होता है, बैंक वाले भी होते हैं, हरियाणा फाइनैं ीयल कारपोरे ान और एच0एस0आई0डी0सी0 का आदमी भी वहीं पर होता है। वह उनको सलाह देते हैं। इससे हरियाणा में इंडस्ट्रीज को बडा भारी प्रोत्साहन मिला हैं इसके साथ ही सब को यह पता है कि हमारी स्टेट एक वैल्फेयर स्टेट है। हमारे जो पिछडे वर्ग के लोग हैं, हरिजन हैं या बैकवर्ड हैं, उनके लिए यहां पर 33 करोड रूपया रखा गया हैं वैल्फेयर स्कीम द्वारा 55000 परिवारों को फायदा होगा। जो स्पै ाल कम्पोनैंट स्कीम्ज हैं, वि ोशकर ि ाडयूल्ड कास्टस के लिए उसके लिए हर महकमे में सुविधा प्रदान करने के लिए 198 करोड रूपये का प्रावधान किया गया है। यह सब सहूलियातय आपके सामने हैं कि अगर किसी आदमी की इन

सर्विस मौत हो जाये तो उसने अगर कोई कर्जा लिया हुआ हो, मकान बनाने के लिए, विवाह के लिए, उत्सव के लिए या साईकल खरीदने के लिये, यह सब कर्जा माफ हो जायेगा। इसके साथ ही ज्वायंट इन ोरैंस स्कीम जो बनाई गयी है, यह भी एक बडी भारी सहूलियत हैं इसके अलावा टूर कन्सै ान (एल0टी0सी0) भी दिया गया है कसौली, कटडा और वैश्णो देवी में होलीडै होम्ज हैं, उनके अलावा दूसरी जगहों पर भी यह होली डै होम्ज स्थापित किये जायैंगे। अन्त में मैं यह कहना चाहूंगा कि घाटे का जितना जिक्र किया गया है, साल के अन्त में उतना घाटा नहीं होगा, उससे कहीं कम होगा। कुछ हमारे करों की वसूली ज्यादा होगी। पिछले दो महीनों में आपने देखा होगा कि करों की बहुत ज्यादा वसूली हुई है। हमारे रिर्सोसिज की पोजी ान सारे हिन्दुस्तान में दूसरी स्टेटस के मुकाबले में दूसरे नम्बर पर आ गयी है। यह जो घाटा दिखाया गया है, आखिर में जाकर यह इतना नहीं रहेगा। करों की ज्यादा वसूली होने की वजह से, ऐसा होगा। कन्साइनमैंट टैक्स हमारे लिए एक वि ोश टेक्स है क्योंकि हमारे कारखाने दिल्ली के चारों तरफ बहादुरगढ, फरीदाबाद, सोनीपत वगैरा में लगे हुए हैं। वे लोग अपना माल दिल्ली में बेचा हुआ दिखाते हैं उसके लिए कांस्टीच्यू ानल अमैंडमैंट तो पहले कर दी गयी थी और एक रैजोल्यू ान हरियाणाच असैम्बली ने भी पास कर दिया था लेकिन अब पार्लियामैंट के अंदर इसकी इनैक्टमैंट होगी। उससे हमें कन्साइनमैंट टैक्स मिल सकेगा। हमने इस बजट में इससे साढ़े 44 करोड़ रूपये की इन्कम दिखाई है। यह तो 6 महीने की

आमदनी काच हिसाब लगाया गया है। जब अगले साल में यह टैक्स लागू हो जायेगा तो साल भर में हमारा रैवैन्यू और भी बढ जायेगा।

श्रीमती चन्द्रावतीः आन ए प्वायंट आफ आर्डर, सर। यह जो कन्साईनमैंट टैक्स की बात कर रहे हैं, इस बारे में तो अभी फैसला ही है। आप कैसे प्रिज्यूक कर लोगे कि वह जरूर लगेगा। इसके बारे में वित्त मंत्री जी से कहूंगी कि वे जरा स्पश्ट कर दें।

चौधरी ई वर सिंहः सर, इस बारे में दिल्ली में जो हमारे आफिसर्ज की बात हुई है, उसमें यह वि वास दिलाया गया है और प्लानिंग कमी ान ने भी यह कहा है कि इसकी इन्कम आप फिलहाल 50 परसैंट ही डाल लो। (**इस समय श्री अध्यक्ष पदासीन हुए।**) जहां तक किराये भाड़े बढाने की बात का ताल्लुक है अगर पैट्रोल/डीजल का खर्चा बढेगा तो किराया भी तो बढेगा। अगर हम डिवैल्पमैंअ चाहते हैं तो टैक्स तो लगने ही चाहिएं। स्पिरिट पर या दूसरी चीजों पर टैक्स लगता है, वह जायज है। यह घाटे को पूरा करने के लिए जरूरी है। (घंटी) अन्त में मैं वित्त मंत्री महोदय का धन्यवाद करता हूं कि उन्होंने एक जुडीि ायस और बैलेन्स्ड बजट पे ा किया हैं मैं वित्त मंत्री महोदय को इस बात के लिए बधाई देता हूं कि उन्होंने खूब अच्छा बजट पे ा किया है जिसमें सभी वर्गों को सहूलियतें दी हैं मैं चाहता हूं कि जिस तरीके से हरियाणा प्रान्त में तरक्की के काम हो रहे हैं, इसी तरह से हरियाणा प्रगति करता रहे। धन्यवाद।

मास्टर ि ाव प्रसाद (अम्बाला भाहर): स्पीकर महोदय, वित्त मंत्री ने यह जो बजट सदन के सामने रखा है। इस सारे को पढकर दो बातें सामने आती हैं। एक तो वही बातें इसमें कहीं हैं जो गवर्नर महोदय ने अपने ऐड्रैस में कहीं थी। उन्हीं बातों को रिपीट किया है। वित्त मंत्री ने यह समझा कि अगर मैंने श्रीमती इन्दिरा गांधी और राजीव के बारे में वे बातें नहीं कहीं तो ऐसा न हो कि मेरा नम्बर कम हो जाये। दूसरी बात यह है कि वित्त मंत्री ने टैक्स लगाते समय भी भायद गरीब लोगों की ओर ध्यान नहीं दिया। स्पीकर साहब, मुख्य मंत्री कहे या कोई और मंत्री कहें एक बात यह कही जाती है कि प्रधान मंत्री के हाथों जो हरियाणा का हित है वह सुरक्षित है। स्पीकर साहब, हरियाणा का हित सुरक्षित होना भी चाहिए क्योंकि वे दे ा के प्रधानमंत्री हैं और हरियाणा इस दे ा का एक हिस्सा है। लेकिन जो बात बार बार मुख्य मंत्री जी कहते हैं भायद यह बात मुख्यमंत्री अपने ऊपर लागू नहीं करते कि मैं भी सारे हरियाणा का मुख्यमंत्री हूं और अम्बाला भी हरियाणा का हिस्सा है। वे इस बात को भूल जाते हैं। अगर वे अम्बाला की और ध्यान दते तो आज जो स्थिति अम्बाला की है वह बेहतर नजर आती। स्पीकर साहब, इस बजट में सडकों के बारे में, पीने के पानी के बारे में और बहुत दूसरी बातों के बारे में कहा गया है। स्पीकर साहब, सप्लीमैंटरी डिमांडज पर जवाब देते हुए वित्त मंत्री ने कहा था, यह बात स्वीकार की थी कि कुछ ऐसी सडकें हैं जो भायद आधा किलोमीटर की हैं या एक किलोमीटर का फासला कवर होता है तो वे सड़कें बनाई जायेंगी। स्पीकर

साहब, कुछ बातें ऐसी हैं जिनकी और मैं सरकार का ध्यान दिलाना चाहता हूं। अभी भी कुछ गांव अम्बाला में ऐसे हैं जिनका फासला सडक से आधा किलोमीटर या एक किलोमीटर का है। बच्चे उन गांवों में पढने के लिए जाते हैं। जब बरसात का मौसम होता है तो रास्ते में पानी इकटठा हो जाता है। कहने का मतलब यह है कि सडक से लेकर स्कूल तक पानी भर जाता है और उन बच्चों को बडी भारी परे ानी होती है। मैं इस तरह के चार गांवों को जिक्र करना चाहता हूं। धनकोट, बरनाला, डडियाना और टूंडली। इन गांवों के स्कूलों तक पक्की सडक पहुंचनी चाहिए जिससे कि बरसात के दिनों में बच्चौं को किसी प्रकार की असुविधा न हो। स्पीकर साहब, और भी बहुत से गांव हैं जो कि सडक से नहीं जुडे हुए हैं, लेकिन मैंने तो केवल चार का नाम लिया है। बरनाला से टूंडली और देवी नगर से घेल गांव की सडकों के एस्टीमैट चण्डीगढ आए थे लेकिन पता नहीं उनका क्या हुआ और ये सडकें नहीं बनीं। अगर वे सडकें बन जाएं तो बरनाला से अम्बाला छावनी आने के लिए पांच छः किलोमीटर का रास्ता बच सकता है। स्पीकर साहब, मानकपुर वालौं की सारी जमीन डडियाना में है लेकिन इन दोनों के बीच में नाला आता है। अगर इस नाले पर एक पुल बना दिया जाए और दोनों गांवों को सडक से जोड दिया जाए तो जमींदार लोग आसानी से अपनी जमीन पर जा सकते हैं। और वहां से अपनी उपज और अनाज वगैरा ला सकते हैं। स्पीकर साहब, देवी नगर से घेल को अगर पक्की सडक से जोड दिया जाए तो घेल के लोगौं को जी0टी0

रोड पर आने के लिए सात आठ किलोमीटर का फासला कम जो जाएगा। इस समय वहां पर कच्चे रास्ते से ट्रैक वगैरा तो जाते हैं लेकिन काफी रेत वगैरा उडती हैं इस तरफ पी0डब्लयू0डी0 को ध्यान देना चाहिए। स्पीकर साहब, घेल से लाहरसा और रामदास नगर से सिजावाला वगैरह को जोड दिया जाए तो जी0टी0 रोड, पटियाला रोड और हिसार रोड आपस में मिल जाएगी और लोगों को सुविधा हो जाएगी।

स्पीकर साहब, रामदास नगर और रतन गढ न पंचायत मे ंहैं और न नगरपालिका में हैं। सरकार इस बारे में सोचे और उनको या तो नगरपालिका में मिलाये या पंचायत में मिलाये। जो इन्होंने पंजोरा ड्रेन निकाली है उससे रत्नगढ और रामदास नगर का फासला आधा किलोमीटर का है अगर वहां पर पुल बना दिया जाए तो इनको पटियाला रोड और हिसार रोड से जोडा जा सकता है। इस वक्त दोनों गांव के लोगों को सात आठ किलोमीटर का फालसा तय करना पडता है। पुल बनने से यह फासला कम हो जाएगा।

स्पीकर साहब, पीने के पानी के बारे में बजट में जिक्र किया गया है। बहुत अच्छी बात है कि गांव गांव में पीने का पानी पहुंचाया जाएगा। लेकिन इस मामले में अम्बाला भाहर को बहुत ज्यादा इग्नोर किया जाता रहा है। स्पीकर साहब, यह बात ठीक है कि अगर अम्बाला में पीने के पानी की दिक्कत न होती तो चण्डीगढ़ की बजाये अम्बाला को राजधानी बनाया जाता। वहां पर

रेलवे स्टे ान नजदीक है, धूलकोट का स्टे ान नजदीक है। वहां पर फैक्टरीज लग सकती हैं ओर भी डिवैलपमैंट हो सकती थी लेकिन पीने के पानी की कमी के कारण भाहर की हालत खराब होती जा रही है। स्पीकर साहब, पिछली दफा भी मैंने कहा था कि पानी के न होने के कारण भाहर की हालत खराब होती जा रही है, वहां का बहुत बुरा हाल है। मैं वहां के पानी का नमूना एक भी ी में भरकर लाया था लेकिन वह भी ी होस्टल में रह गई स्पीकर साहब, आप उस पानी को देखते तो वाकई आप कहते कि यह पानी बिल्कु ल भी पीने के काबिल नहीं है। बात यह है कि वहां पर पानी की पाइप लाइन नाले के पास से जा रही है और नाले का पानी उस पाइप लाइन में चला जाता है। अगर वहां का एडमिनिस्ट्रेटर थोडा भी ध्यान दे तो यह समस्या हल हो सकती है। स्पीकर साहब, अगर वह लापरवाही छोड कर इस तरफ ध्यान दे तो लोगों को जो कीड़े वाला गन्दा पानी पीना पडता है उससे छुटकारा हो सकता है। इस पानी से लोगों को पीलिया तक हो जाता है। मैंने उस पानी को डी0सी0 को भी दिखाया था। इसलिए मेरी सरकार से गुजारि ा है कि अम्बाला के लोगों के गन्दा पानी पीने से बचाया जाए। यह बहुत जरूरी काम है स्पीकर साहब, मुख्य मंत्री जी जब अम्बाला में मिनि सैक्रेटेरिएट का ि ालान्यास करने गए थे तो इन्होंने वहां पर कहा था कि इस साल के अन्त तक लोगौं को नहर का पीने का पानी मुहैया हो जाएगा लेकिन दुःख की बात है कि आज उस बात को साढे पांच साल हो गए हैं लेकिन इस दि ाा में वहा ंपर कोई काम नहीं हुआ है। स्पीकर

साहब, गांवों की तरफ ध्यान देना आव यक है लेकिन इसके साथ ही साथ भाहरों की और भी ध्यान देना जरूरी है जिससे कि पहले वहां पर जो डिवैल्पमैंट हुई है वह खराब न हो और भाहर गांव न बन जाएं। मैं समझता हूं कि सरकार इस और ध्यान देगी।

अम्बाला में सडकों और गलियों का सिलसिला ऐसा है कि अगर थोडी सी भी बारि ा हो जाये तो गन्दे नाले का पानी वहां पर भर जाता है और आने जाने में बडी भारी दिक्कत होती है। स्पीकर साहब, वहां पर सिवरेज का काम बहुत पहले भ्ारू हुआ था लेकिन वह बीच में ही रह गया। इस काम के लिए वहां की कमेटी ने लोन भी लिया था लेकिन वह काम पूरा नहीं हुआ। स्पीकर साहब, सब लोग चाहते हैं कि मुख्यमंत्री जी कहीं से भी पचास लाख रूपया या एक करोड रूपया अम्बाला के लिए दे दें जिससे कि अम्बाला भाहर को गांव होने से बचाया जा सके। स्पीकर साहब, मैंने अब तक सडकों और पानी का जिक्र किया है, अब मैं िाक्षा के बारे में कुछ भाब्द कहना चाहता हूं। इस सदन में बताय गया कि पिछले दिनों 99 प्राईमरी स्कूलों को मिडिल स्कूल अपग्रेड किया गया और 93 मिडिल स्कूलों को हाई स्कूल अपग्रेड किया गया। स्पीकर साहब, मैं सदन को बताना चाहता हूं कि 1977 से लेकर आज तक अम्बाला भाहर में तीन स्कूल अपग्रेड किए गए हैं। एक स्कूल को हाई स्कूल अपग्रेड किया गया और दो प्राईमरी स्कूलों को मिडिल स्कूल अपग्रेड किया गया। मेरी सरकार से प्रार्थना है कि टूंडला का मिडिल स्कूल जहां पर लडकों

की संख्या ठीक है और बिलिंडग भी ठीक है, उसको हाई स्कूल बनाया जाए और सुलतानपुर के स्कूल को मिडिल स्कूल से हाई स्कूल बनाया जाये। स्पीकर साहब, हरियाणा सरकार लडकियों की ि ाक्षा पर काफी जोर दे रही है और ग्यारहवीं तक ि ाक्षा मुफ्त कर दी है। अम्बाला भाहर में बलदेव नगर में गर्ल्ज स्कूल हैं उसको प्राईमरी स्कूल से मिडिल स्कूल बनाया जाए। स्पीकर साहब, इस समय मोतीनगर में प्राईमरी तक स्कूल है। छटी कक्षा में पढने के लिए बच्चों को रेलवे लाइन पार करके स्कूल जाना पडता है। रेलवे लाइन पार करने में बच्चों का ऐक्सीडैंट होने का खतरा है। मरी सरकार से दरखास्त है कि मोती नगर के प्राईमरी स्कूल को मिडिल स्कूल अपग्रेड कर दिया जये जिससे कि छोटे छोटे बच्चों को रेलवे लाइन पार न करनी पड़े। स्पीकर साहब, जिन जिन स्कूलों के बारे अति आव यक था, उनके बारे में, मैंने सरकार के नोटिस में ला दिया है। आ ा है सरकार इस तरफ ध्यान देगी।

13.00 बजे।

स्पीकर साहब, अब मैं हास्पीटल्ज के बारे में कुछ भी कहना चाहूंगा कि इस वक्त अम्बाला में केवल चार हास्पीटलज हैं। सिविल हस्पताल, मि ान हस्पताल और कैंट में एक गवर्नमैंट हस्पताल और एक मिलट्री हस्पताल है लेकिन वहां पर कोई मैडीकल कालेज नहीं है। केवल रोहतक में एक मैडीकल कालेज है। लुधियाना एक छोटा सा भाहर है, वहां पर दो मैडीकल कालेज

हैं, इसलिए मेरी सरकार से प्रार्थना है कि रोहतक की तरह एक मैडीकल कालेज की अम्बाला में भी स्थाना की जाए ताकि हमारे हरियाणा के बच्चों को दूसरे राज्यों में प्रवे ा पाने के लये न जाना पडे। मैडीकल कालेज बन जाने से हमारे इन हस्पतालों का योगदान भी उसे मिल पाएगा। इसके साथ साथ मैं यह भी आग्रह करूंगा कि 1980 में मुख्य मंत्री महोदय ने एक नये सिविल हस्पताल का ि ालान्यस किया था लेकिन वह काम भी अभी तक अधूरा है। कर्मचारियों के लिए क्वार्टर्ज तो बन गए हैं, लेकिन दूसरे काम को सिरे चढाने की भी सरकार को ि ा ा करें वहा ंपर एक डंगरों का हस्पताल भी है जिसकी हालत बडी खसता है। उस तरफ भी सरकार को अव य ध्यान देना चाहिए।

इससे अगला प्वायंट मेरा यह है कि आज हरियाणा के अंदर गरीब लोगों को गरीब किसानों को और गरीब हरिजनों को ऊपर उठाने की अति आव यकता है। सरकार ने इन गरीब आदमियों को लोन देने का प्रावधान किया हुआ है। इस बारे में मैं यह कहूंगा कि जो लोग गरीबी की रेखा से नीचे बस रहे हैं और जिन तक यह सरकार की इमदाद पहुंचनी चाहिये, वह उन तक नहीं पहुंच रही है। वह रा ि ा ऊपर ही ऊपर, अधिकारियों के लैवल पर ही इधर उधर हो जाती है। जिन गांवों में यह राहत मिलनी चाहिये, वहां तक पहुंच ही नहीं पाती और गलत आदमियों तक यह सहायता ऊपर मिलमिला कर तकसीम कर दी जाती है। मेरा सुझाव है कि सरकार इस बात का ध्यान रखे। मिसाल के तौर

पर एक आदमी तो भूख से मर रहा है और दूसरा एक या दो टाईम कम से कम खाना तो खा लेता है उसकी बजाए जो आदमी भूखा मर रहा है, उसको पहले सहायता मिलनी चाहिए, दूसरे को बाद में। मेरा कहने का मतलब यह है कि पैसाव बांटते वक्त अधिकारीगण इस बात का वि ोश ध्यान रखें कि जिसकी हालत ज्यादा खस्ता है, कौन इस कर्जे का पहले हकदार है। अगर सही आदमी तक सरकार का यह पैसा न पहुंचे तो गरीब आदमी को इससे क्या लाभ हो सकता है ? कई लोगों ने तो गरीबों को लोन दिलवाने का एक किस्म का यह धन्धा ही भ्ारू कर रखा है और वे लोगों से पैसे ले लेकर यह काम करवाते हैं। फर्ज कीजिये एक आदमी को भैंस खरीदने के लिए 4000 रूपया देना है तो उस पैसे में से डेढ हजार रूपये के करीब काट लिया जाता है। उसे कह देते हैं कि चलो आप को भैंस खरीदने की कोई आव यकता नहीं है और न ही अब कुछ बेचने की जरूरत है। इससे लेने वाला भी खु ा हो जाता है और जो लोग इधर उधर का धंधा करते हैं, वे भी खु ा हो जाते हैं। यह भी करवा दिया जाता है कि अगर किसी की भैंस मर जाए तो डाक्टर को 200 रूपये देने पर उसका पोस्टमार्टम भी तैयार ही मिलता है जिससे बाद में उनका लोन भी माफ करवा दिया जाता है। इसलिए मेरी सरकार से रिक्वैस्ट है कि इन लोगों से गरीब आदमियों को बचाया जाए और इस ओर वि ोश ध्यान दिया जाए ताकि गरीब आदमियों के पास लोन की रा ि ा पहुंच सके।

इससे अगला प्वायंट, बसिज के जो रोजाना एक्सीडैंटस होते हैं उस बारे में मेरा सरकार से यह सुझाव है कि यात्री बीमा स्कीम चालू की जाए। यात्रियों से टिकट के साथ ही एक या दो पैसे जितना उचित समझें ले लें ताकि यात्री को इस बात का पता हो कि जब मैं गाडी में बैंठ गया तो मैं सेफ हूं। अगर दुर्भाग्यवे ा किसी यात्री की तरह से मृत्यु को जाए तो जो भी सरकार मुआवजे के तौर पर रा ि ा फिक्स करे, 5, 10, 20, 30 हजार रूपये वह उस मरने वाले के घर वालों को स्पौट पर दे दी जाए ताकि उस मरने वाले के परिवार को एकदम सहायता के तौर पर राहत मिल सके।

श्री अध्यक्षः मास्टर जी, आप का समय हो गया। अब आप वाइंड अप कीजिये।

मास्टर ि ाव प्र ादः इसके साथ साथ मैं स्पीकर साहब, आपके द्वारा सरकार का ध्यान आकर्शित करना चाहता हूं कि अम्बाला में सरकार ने कुछ समय पहले लोगों से इस आ वासन के साथ 500–500 रूपये की रा ि ा ली थी कि सरकार उनको मकान बना कर देगी। लेकिन मुझे बडे अफसोस के साथ कहना पड रहा है कि सरकार ने अभी तक इस स्कीम के लिए जमीन भी एक्वायर नहीं की है। एक मजाब अव य वहां के लोगों के साथ सरकार ने किया है कि अम्बाला छावनी में वीकर सैक ान्ज के लिए एक कालौनी ट्रिब्यून कालोनी के साथ बनी हुई है, वहां पर लोगों को कहा कि हम आप को वे हाउसिज दे देते हैं। लोगों ने कहा कि बच्चे हमारे यहां पढते हैं, भाहर में रहते हैं

और हम वहां पर कैसे जा सकते हैं। इसलिए मेरी रिक्वैस्ट है कि सरकार तुरन्त ही जमीन एक्वायर करके उन लोगों के रहने के लिये मकान बनाये।

इससे अगली बात मैं यह कहना चाहता हूं कि जब पंजाब और हरियाणा इकट्ठा था तो एक हक ाफा का कानून बना हुआ था। पंजाब ने तो अब वह खत्म कर दिया है लेकिन हरियाणा में अभी भी वह कानून चल रहा है। होता क्या है कि गांवों के अंदर लोग पहले अपनी जमीन बेच देते हैं, फिर दाएं बाएं से अपने ही रि तेदारों से उस पर हक ाफा करवा देते हैं। इससे वहां के डिवैल्पमैंट रूक जाती है। इसलिए मेरी सरकार से रिक्वस्ैस्ट है कि इस तरह का कानून खत्म किया जाए। इस मेरे सुझाव पर दोबारा विचार किया जाए ताकि लोगों को दिक्कत न हो। इससे सरकार को कोई नुकसान नहीं होगा। इससे आगे मैं प्रका ान के बारे में भी अपने सुझाव देना चाहूंगा। पिछले दिनों पता नहीं किन कारणों से वहां की तीन पंचायतों, रायपुर रानी, भाहजादपुर और बराड़ाच को तोड कर नगरपालिका बना दिया गया। बराडा पंचायत की आमदनी इनमें सबसे ज्यादा है। हमारी प्रार्थना यह है कि रायपुर रानी और भाहजादपुर दोनों की आमदनी का कोई जरिया नहीं है, इनको नगरपालिका इसलिए बनाया गया है, मैं किसी का नाम नहीं लूंगा। वहां पर 1982 में कांग्रेस के उम्मीदवार के लिए चुनाव में किसी ने काम किया था और दुर्भाग्यव ा वहां कांग्रेस हार गयी। वहां की इंडीपैडैंट आदमी

जीत गया जो बाद में कांग्रेस में भामिल होकर फिर मिनिस्टर बन गया। उसने बदले की भावना से, हालांकि उन पंचायातें में उसके कोई आदमी नहीं जीते थे, फिर भी वहां पर नगरपालिकाएं बनवायीं। इसलिए सरकार से मेरा अनुरोध है कि वह अपने फैसले पर पुनः विचार करे। उन पंचायतों को पैसा भी दे क्योंकि उनके पास आमदनी का कोई साधन नहीं है।

इसके साथ साथ मैं बसों के किराये की बाबत कहूंगा कि जो किराये बढाये गये हैं, वे न बढाए जाएं क्योंकि इसका असर आम लोगों पर पड़ेगा। एम0एल0एज0 तो बसों में फ्री आते हैं और मंत्रीगण अपनी कारों में आ जाते हैं। इसलिये आम आदमियों की तकलीफ को देखते हुए सरकार अपने निर्णय पर दोबारा विचार करे।

इससे आगे मैं बिजली के बारे में कहूंगा कि सरकार ने 2 पैसे डोमैस्टिक, 3 पैसे कमर्ियल और 4 पैसे उद्योग पर प्रति यूनिट के हिसाब से जो रेट बढाया है, उस पर भी सरकार दोबारा विचार करे। उद्योगों के ऊपर चाहे और ज्यादा लगा दिया जाए लेकिल डोमैस्टिक और कमर्ियल पर बिल्कुल छूट दे दी जाए। यह आम आदमियों का खून चूसने वाली बात है। इन भाब्दों के साथ मैं इस बजट का विरोध करता हूं। जय हिन्द!

श्री भले राम (बड़ौदा– अनुसूचित जाति): स्पीकर साहब, जो वर्श 1985–86 का बजट पे ा किया है मैं उसका समर्थन

करते हुए यह कहना चाहूंगा कि अच्छे बजट की कसौटी यही होती है कि प्रदे ा में रहने वाले सभी वर्गों के लोगों को इससे फायदा पहुंचे। जिस प्रकार से सर्दी में सूर्य निकलता है और उसकी किरणें सबको अच्छी लगती है, उसी तरह से यह बजट है। चाहे कोई किसान है, मजदूर है, व्यापारी है, कर्मचारी है, विद्यार्थी है या औरत है या ढाबे वाला है सबको इससे फायदा हुआ है। जब इस बजट की खबर लोगों ने रेडियो पर सुनी तो लोग खु ी से इस प्रकार नाचने लगे जिस प्रकार से समुद्र से लहरें उठती हैं। यह ठीक है कि इस बजट में कुछ टैक्स भी लगाए हैं लेकिन उन टैक्सों का भार बहुत मामूली है। हमें साथ साथ यह भी सोचना चाहिए कि इससे कितना फायदा हुआ हैं ये मामूली टैक्स हैं और लगाने बहुत जरूरी थे क्योंकि पट्रौल और डीजल की कीमतें बढ गई हैं इसलिये बसों का किराया भी बढाना पडा। इसका मेरे साथियों को भी फायदा हुआ है। यह जब विधान सभा से अपना टी0ए0 लेंगे तो इनको 20 रूपए बढे हुए मिलेंगे। दूसरा टैक्स गुडज ट्रांस्पोर्ट पर बढा हैं वह भी 2000 सालाना की जगह केवल 2400 रूपए सालाना किया हैं जैसे इन्होंने बिजली के बारे में कहा कि उसके रेट भी बढा दिए। वह वास्तव में बढे नहीं हैं क्योंकि एक बार सरकार ने डियूटी कम कर दी थी इसलिये इस पर टैक्स बढा नहीं है बल्कि पहले जितना किया है। यानी केवल दो चार पैसे बढा है। हमारे ये साथी जब बाजार में घूमने जाएंगे और अपनी बीबी को साथ लेकर जाएंगे तो इनको डेढ रूपए वाली चूड़ी अब एक रूपए में मिलेगी। दूसरी राहत फारमर्ज को दी है। उनको

साढे सात हौरस पावर के मोनो ब्लाक पम्पिंग सैटस पर रियायत दी है। मैं यह भी कहना चाहूंगा कि कुछ इलाके ऐसे हैं जैसे सिरसा, हिसार, जीन्द तथा कुछ और भी होंगे, जहां पर साढे बारह हौरस पावर की म ीन कामयाब हैं इसलिये मैं सरकार से निवेदन करूंगा कि जहां पर साढे बारह हौरस पावर की म ीनें कामयाब हैं और साढे सात हौरस पावर की म ीनें कामयाब नहीं हैं वहां सढे बारह हौरस पावर की म ीनों पर भी रियायत दी जाए। इसके साथ साथ इस बजट से कर्मचारियों को भी बहुत फायदा हुआ हइै। इसमें एक बात की गई है भाादी के लिए कर्मचारियों को लोन अब तीन हजार से बढ कर पांच हजार रूपए मिल सकेगा तथा बेटी या बहिन की भाादी के लिए दस हजार रूपए लोन मिलेगा। लेकिन बहिन की भाादी के लिए लोन लेने में यह भार्त लगा दी है कि अगर कर्मचारी के माता पिता जिन्दा होंगे तभी यह लोन मिलेगा। मैं जानना चाहता हूं कि अगर किसी कर्मचारी के मां बाप मर जाएं तो क्या वह अपनी बहिन की भाादी नहीं करेगा ? बहिन तो सबको प्यारी होती है इसलिये यह भार्त हटाई जानी चाहिये। इसके अलावा मैं हरिजनों के लिए भलाई की स्कीमों का जिक्र करना चाहूंगा। सरकार ने हरिजनों के लिए बहुत स्कीमें बनाई हैं। जैसे कि अब जो हमारा सैवन्थ प्लान जाएगा वह 3200 करोड रूपए का होगा। उसमें से 198 करोड रूपये स्पै ाल कम्पोनैंट स्कीमों पर खर्च होगा जिसमें से 33 करोड रूपया इसी साल खर्च होगा। इससे लगभग 55–56 हजार फैमिलीज को फायदा होगा। इसके साथ साथ मैं सरकार से यह भी कहूंगा कि

आपने ि ाडयूल्ड कास्टस और बैकवर्ड क्लासिज सैल का गठन किया है। आप उनकी कम से कम तीन महीने में एक मीटिंग जरूर रखें ताकि पता चल सके कि जो हमारी भिन्न स्कीमें हैं, उनकी इम्पलीमैंटे ान कहां तक होती है। अगर ऐसाव किया जाएगा तो हम इन भाइयों को भी बता सकेंगे कि सरकार यह काम करने जा रही है। इसके साथ साथ दूसरी बात मैं यह कहना चाहता हूं कि आज से 18 साल पहले की स्कीम के तहत जो हरिजन विद्यार्थी कालेज में ग्यारवी क्लास में पढता है उसको किताबें खरीदने के लिए सरकार बगैर ब्याज के दो सौ रूपया कर्जा देती है। वह कर्जा 14 साल में वापिस करना पडता हैं आज की महंगाई में दो सौ रूपए बहुत कम हैं इसलिये यह रा ि ा बढाई जानी चाहिए। दूसरे यह सुविधा ग्यारवीं क्लासा के बाद नहीं दी जाती। मैं चाहता हूं कि यह सुविधा आगे बी0ए0 तक दी जानी चाहिए। स्पीकर साहब, हरिजनों के लिए और भी बहुत स्कीमें हैं जैसे इनको बगैर ब्याज के कर्जा दिया जाता है। मैं प्रार्थना करूंगा कि इस बार जिला लैवल पर वैलफैयर कमेटी की मीटिंग हुई है और कुछ जिलों में अभी होनी बाकी हैं। जहां अभी मीटिंग नहीं हुई है वहां यह पता किया जाए कि इस साल फ्री इन्स्ट्रेस्ट लोन क्यों नहीं दिया गया। पहले कुछ ऐसे आदमी होते थे जिनको एक दो हाजर रूपए मिल जाते थे और उससे वे अपना छोटा मोटा धन्धा चला लेते थे। अब की बार केवल दो ही स्कीमों को मीटिंग है। पहले वैलफेयर का बहुत काम होता था। जैसे परचेज आफ लैंड थी उसके लिए कुछ पैसा वैलफेयर महकमा देता था और कुछ

पैसा हरिजन कल्याण निगम देती थी। लेकिन अब न महकमा पैसा देता है और न निगम देती है। पहले वे उस पैसे से एक आध किल्ला जमीन खरीद लेते थे। यह बात ठीक है कि सरकार हरिजनों में सरप्लस जमीन का बंटवारा करती है लेकिन उस पैसे से वे अपने ढंग से जमीन खरीदते थे। इसलिये सरकार से प्रार्थना है कि इस बात को भी देख लिया जाए। इसके अलावा मैं इरीगे ान और पावर का जिक्र करूंगा। यहां पर सभी भाईयों ने जिक्र किया था कि हरियाणा के किसान को पानी की बहुत जरूरत है। सरकार इसके लिए भी कदम उठा रही है। एक तो एस0वाई0एल0 का मसला है। जब वह नहर पंजाब साइड में खुद जाएगी तो उससे पानी मिलेगा। लेकिन उसके अलावा सरकार दूसरे तरीके भी अपना रही है। जैसे हमारा हरियाणा इरीगे ान प्रोजैक्ट है। सन 1983 में भाुय हुआ था और सन 1988 तक सरकार इसको 25 करोड क्यूबिक फीट लाइनिंग का काम पूरा कर लेगी। यह ठीक है कि इस काम में एक आध जगह सीमेंट वगैरह में गडबड हुई हो। लेकिन आम तौर पर यह काम ठीक ठाक चल रहा है। इसके लिए मेरा एक सुझाव है कि लाइनिंग करते वक्त लैवल का भी पूरा पूरा ध्यान रखा जाना चाहिए वरना सरकार का दुगना खर्चा हो जाता है। हमारे यहां मदीना गांव में एक खाल की लाइनिंग की गई थी लेकिन उसका लैवल ठीक न होने की वजह से लोगों को उसके बराबर दूसरा खाल खोदना पडा। इसके अलावा कई लोग जो नहर का आउट लैट या मोरी तोड लेते हैं उसकी वजह से वे लोग सफर करते हैं जो टेल पर होते हैं

क्योंकि वहां कई साल तक पानी नहीं पहुंचता। उसके बावजूद भी टेल पर बैठे किसान को वाटर टैक्स देना पडता है। इसलिये सरकार इस बारे में भी सोचे। जहां पर ऐसी भारारत जान बूझ कर की जाए, वहां सख्त कार्यवाही की जाए। चाहे कोई मेट हो या ओवरसियर हो, वे साल में एक बार ट्रांसफर होने के बाद बिल्कुल नहीं डरते क्योंकि उनको पता है कि यहां से अब दोबारा एक साल से पहले ट्रांसफर नहीं होंगी। मेरा सुझाव है कि अगर कोई ऐसा कर्मचारी भारारत करता है तो उसके लिए एस0ई0 और एक्सीयन को पावर दी जाए कि वह उनको इधर उधर बदल सके। जैसे पुलिस विभाग में किसी सिपाही को जब भी चाहो बदला जा सकता है उसी तरह से इनके केस में किया जाना चाहिए। यह नहीं कि ओवरसियर एक बार ट्रांसफर होने के बाद वहीं पर बैठा रहे। इसलिये एस0ई0 और एक्सीयन को उसकी ट्रांसफर करने की पावर दे दी जाए। अब मैं एजुके ान का जिक्र करना चाहूंगा। हरियाणा सरकार पहली सरकार है जो एजुके ान पर बहुत ध्यान दे रही है।

श्री अध्यक्षः आपका टाइम हो गया है, आप वाइंड अप करें।

श्री भले रामः मैं जल्दी ही खत्म करने की कोि ा ा करूंगा। स्पीकर साहब, मैं एजुके ान के बारे में कह रहा था। सरकार ने पहले भी बहुत स्कूल अपग्रेड किए हैं और इस बजट में भी स्कूलों को अपग्रैड करने का प्रोवीजन किया गया है। लेकिन

हम जो एजुके ान का स्टैंडर्ड बढाना चाहते हैं वह हम अब तक नहीं बढा पाए। स्पीकर साहब, चाहे कालेज में हो, यूनिवर्सिटी में हो और चाहे एजुके ान बोर्ड में हो, नकल करने का एक टरैंड बन चुका है। एग्जामों में लडके बहुत नकल करते हैं। एग्जामों के दिनों में फ्लाइंग स्क्वैड भेज कर यह कोि ा ा की जाती है कि नकल न हो। नकल इसलिए भी होती है क्योंकि टीचज्र पर यह पाबंदी लगाई हुई है कि आपके स्कूल या कालेज का इतने परसैंट रिजल्ट आना चाहिए, यदि इससे कम रिजल्ट आया तो आपकी इन्क्रीमैंट रोक दी जाएगी। इसलिए टीचर्ज भी लडकों को नकल करवाने की कोि ाश करते हैं। सरदार प्रताप सिंह कैरों जब ज्वांयट पंजाब में मुख्यमंत्री हुआ करते थे, उस समय उन्होंने यह तरीका अपनाया था कि इतने परसैंट रिजल्ट होना चाहिए नहीं तो टीचर्ज की इन्क्रीमैंट रोक दी जाए। इसीलिए टीचर्ज लड़कों को नकल करवाने की कोि ा ा करते हैं। इस बारे में मेरा एक सुझाव है कि एक साल के लिए टीचर्ज के ऊपर से यह पाबंदी हटा दी जाए कि आपके स्कूल या कालेज का इतने परसैंट रिजल्ट आना चाहिए। यदि यह पाबंदी हटा दी जाए तो किसी टीचर की यह हिम्मत नहीं होगी कि वह लडकों को नकल करवाने की कोि ा ा कर सके। स्पीकर साहब, इसके अलावा मेरे अपोजी ान के भाईयों ने हरियाणा एजुके ान बोर्ड के बारे में काफी बातें कही हैं। यह भी कहा कि एजुके ान बोर्ड के बारे में अखबारों में भी जिक्र आता रहा है। मैं इनको बताना चाहूंगा कि हरियाणा एजुके ान बोर्ड सबसे अच्छा बोर्ड है। मैं पिदले तीन साल से

उसका चेयरमैन हूं। कहने का आप कुछ कह दें। पिछले दो सालोसं से बहुत कम परसैंट रिजल्ट आया है। वह इसलिए आया है क्योंकि मैंने फ्लाइंग स्कवैड द्वारा चैकिंग करवाइ थी और लड़कों को नकल करने का मौका नहीं दिया। इसके अलावा मैं यह भी कहना चाहूंगा कि जब मैं एजुके ान बोर्ड का चेयरमैन बन कर गया था, उस समय बोर्ड के आफिस के लिए बिल्डिंग का नक ा भी पास नहीं हुआ था लेकिन अब मार्च या अप्रैल के महीने में दो करोड रूपए की बिल्डिंग तैयार हो जाएगी। इसके अलावा स्पीकर साहब, अब मैं सडकों के बारे में कुछ कहना चाहूंगा।

श्री अध्यक्षः अब आप बैठ जाएं। आपका समय समाप्त हो चुका है।

श्री भले रामः स्पीकर साहब, मैं सड़कों के बारें में कुछ सुझाव देना चाहता था। लेकिन समय की कमी के कारण आप मुझे नहीं बोलने दे रहे हैं इसलिए इन भाब्दों के साथ मैं हाउस से प्रार्थना करूंगा कि यह बहुत ही प्रोग्रेसिव बजट है, वैल बैलैंस्ड बजट है और यह सब के लिए है, इसलिए सभी माननीय सदस्यों को इसका समर्थन करना चाहिए। मैं इस बजट का समर्थन करते हुए अपना स्थान लेता हूं।

श्री भागी राम (एलनाबाद– अनुसूचित जाति): स्पीकर साहब, मेरी तरफ आपकी नजर पडी लेकिन हाउस का समय बहुत थोडा रह गया है। हमारे वित्त मंत्री श्री सागर राम गुप्ता जी ने

20 मार्च को हाउस में जो बजट पे ा किया है वह बहुत भारी घाटे का बजट है, इसलिए मैं इसका विरोध करने के लिए खडा हुआ हूं। स्पीकर साहब, सरकार पक्ष भी मानता है कि हरियाणा एक कृशि प्रधान प्रदे ा है और इसमें 80 प्रति ात आबादी खेत पर निर्भर करती है। थोडी देर पहले बोलते हुए श्री तैय्यब हुसैन जी ने बताया था कि खेती के लिए केवल 11.8 परसैंट पैसा ही रखा गया है, यश्ह बहुत ही कम पैसा है। मैं भी कहता हूं कि इतने पैसे से खेती के लिये कोई भी काम नहीं होंगा, यह पैसा बहुत ही कम है। अध्यक्ष महोदय, मैं खास करके सिरसा जिले के बारे में कुछ बातें कहना चाहूंगा। सिरसा जिले के किसानों का बहुत बुरा हाल हो गया है। इस साल बरसात न होने की वजह से, नहरों से पानी न मिलने की वजह से और बिजली न मिलने की वजह से सिरसा जिले के किसानों का बहुत बुरा हाल हो गया हैं उनको पेट भर खाने को रोटी तक नसीब नहीं होती। उस एरिया के हरिजन और खास करके मजदूर बिल्कुल बेकार हो चुके हैं स्पीकर साहब, मजदूर तो सारे हरियाणा प्रदे ा के ही बेकार हो चुके हैं। स्पीकर साहब, सिरसा जिले में बारानी एरिया बहुत ज्यादा है। हरियाणा प्रदे ा में सिरसा जिले में सबसे ज्यादा चने की फसल होती है। इस बार बरसात न होने के कारण चने की फसल बिल्कुल भी नहीं है। जिन किसानों ने चने का बीज बोया था वह भी उनको वापिस नहीं मिलेगा यानी उनका बीज भी पूरा वापिस नहीं होगा। मेरा सरकार से अिनवेदन है कि उस एरिया की स्पै ाल गिरदावरी करवाई जाए और जिस तरह से चौधरी देवी

लाल जी ने अपने समय में किसानों को ओलौं से क्षतिग्रस्त हुई फसलों का मुआवजा 400 रूपये प्रति एकड के हिसाब से दिया था उसी तरह से यहां दिया जाए। यह रिवायात चौधरी देवी लाल जी ने ही डाली थी, उन्हीं की मेहरबानी से किसानों को फसल के नुकसावन का मुआवजा मिलता है। मैं मुख्य मंत्री जी से निवेदन करूंगा कि वे भी बरसात न होने की वजह से नश्ट हुई फसलों का मुआवजा दें। चौधरी देवी लाल जी ने किसानों को फसलों के खराब होने का मुआवजा देने की जो रिवायात डाली थी उसके लिए चौधरी देवी लाल जी का नाम हमे ा अमर रहेगा। इसलिए मैं मुख्यमंत्री जी से निवेदन करूंगा कि बरसात न होने की वजह से जिन इलाकों में फसलों का नुकसान हुआ है उनको मुआवजा दिया जाए। (ोर)

ि ाक्षा राज्य मंत्री (श्री जगदी ा नेहरा): अध्यक्ष महोदय, माननीय सदस्य को बोलना तो बजट पर चाहिए था लेकिन दुर्भाग्य से गलत बोल रहे हैं। इन्होंने हमारे माननीय सदस्य चौधरी देवी लाल जी के बारे में कहा है कि चौधरी देवी लाल जी का नाम अमर रहेगां यह बात हम उनकी सहन नहीं करेंगे। इनको इस तरह से नहीं कहना चाहिए था। जिन्दा आदमी के बारे में इनको ऐसा नहीं कहना चाहिए था। (ोर)

चौधरी भाम ोर सिंह सुरजेवाला: स्पीकर साहब, मेरा प्वायंट आफ आर्डर है। क्या जिन्दा आदमी को श्रद्धांजलि दी जा सकती हैं ? (हंसी)

श्री भागी राम: अध्यक्ष महोदय, मेरा कहना है कि चौधरी देवी लाल जी ने जिन किसानों की फसलें औलों की वजह से नश्ट हो गई थी उनको 400 रूपए प्रति एकड के हिसाब से मुआवजा देने के लिए अनाउंस किया था। यदि चौधरी भजन लाल जी खडे होकर यह अनाउंस कर दें कि जिन किसानों की फसलें बरसात न होने की वजह से, पानी न मिलने की वजह सें और बिजली न मिलने की वजह से खराब हो गई हैं उनको 400 रूपए प्रति एकड के हिसाब से मुआवजा दिया जाएगा तो मैं कहता हूं कि चौधरी भजन लाल जी का नाम भी अमर होगा। यदि ये किसानों के हितैशी हैं तो आज ही अनाउंस कर दें। स्पीकर साहब, अब मैं नेहरा साहब के महकमे के बारे में जिक्र करना चाहूंगा, इनके पास ि ाक्षा का महकमा है। सिरसा जिले में ज्यादातार प्राइमरी स्कूल हैं, उनमें सरकार ने बच्चों को दलिया देने की स्कीम बना रखी है। ठेला भर कर दलिया स्कूलें में भिजवा दिया जाता है। उस दलिये से बच्चों की पढाई में बहुत भारी नुकसान होता है। मैं इस सरकार की इस नीति के खिलाफ हूं। स्पीकर साहब, जब सुबह सुबह बच्चे स्कूल में जाते हैं, स्कूल में जाते ही मास्टर कहता है कि अपने घर वापिस जाओ और गुड़, कटोरी और लकड़ी ले कर आओ। बच्चे अपने घर वापिस जाते हैं और अपने अपने घर से एक हाथ में कटोरी और दूसरे हाथ में लकडी लेकर वापिस स्कूल में आते हैं। इसके अलावा उस दलिये को बेचारा मास्टर ही बनाता है। जब मास्टर दलिया बनाने लग जाता है तो बच्चे अपने अपने घर पर कटोरी और लकडी लेने के

लिए आते हैं। जब बच्चे आने एक हाथ में कटोरी और दूसरे हाथ में लकडी लेकर स्कूल में वापिस पहुंचते हैं उस समय बेचारा मास्अर दलिया बना रहा होता है। बच्चे दलिया बनने की इंतजार में बैठ जाते हैं कि दलिया कब बने और हम खाएं, दलिया कब बने और हम खाएं। इस तरह से बच्चे सारा दिन उस दलिये की इंतजार में बैठ कर निकाल देते हैं और बगेर पढे अपने घर वापिस आ जाते हैं। इसके अलावा मैं एक बात और कहना चाहूंगा कि चूंकि इस सरकार ने स्कूलों में दलिया देना भुरू कर दिया है। इसलिये बहुत सारे मास्टरेां ने भैंसे रखनी भुरू कर दी हैं। इसके अलावा ि ाक्षा के बारे में मैं एक बात और कहना चाहूंगा। अध्यक्ष महोदय, प्रौढ ि ाक्षा पता नहीं कितने लोगों ने पढ ली हैं और कितने बाकी रहते हैं। यदि नेहरा साहब को आकर कोई आदमी कहता है कि मेरा लडका पढा हुआ है, उसको नौकरी लगवाओ तो नेहरा साहब कहते हैं कि फलां गांव में प्रौढ ि ाक्षा का केन्द्र खोला है, वहां पर आपके लडके को लगा दिया जाएगा। लेकिन उस गांव में वह लडका कभी भी नहीं जाता है, वह गांव वालों को जानता तक नहीं और न ही आज तक कोई हाजरी वगैरा लगी हैं। लडके 30–40 गावं वालों के नाम लिख कर ले आते हैं और उनको प्रौढ ि ाक्षा केन्द्र में लगा दिया जाता है। जब ये कहते हैं कि गांव वालों के 30–40 नाम लिख कर ले आओ तो वे 80–80 साल के बूढों के नाम लिख कर ले जाते हैं और उनको अप्वायंट कर देते हैं। उन को 100 या 150 रूपये महीने की तनख्वा देते हैं। मैं कहना चाहता हूं कि यदि आपको प्रौढ ि ाक्षा

स्कीम चलानी है तो पढाने वालों को कम से कम 400 रूपए महीना तनख्वाह दें। मैं यह भी कहना चाहूंगा कि सिरसा जिले के प्राईमरी स्कूलों में यदि सरकार दलिया सप्लाई करती है तो उसके साथ गुड या खांड दें और उस दलिये को बनाने के लिए मास्टर की डियूटी नहीं होनी चाहिए, किसी और आदमी को अप्वायंट करे। या तो दलिया बनाने के लिए गांव के सरपंच की डियूटी लगाई जाये या पंचायत की तरफ से कोई और आदमी अप्वायंट किया जाए।

बैठक का समय बढ़ाना

श्री अध्यक्षः यदि हाउस की सैंस हो तो बैठक का समय 5 मिनट के लिये बढ़ा दिया जाए।

आवाजें: ठीक है जी, बढा दिया जाए।

श्री अध्यक्षः बैठक का समय 5 मिनट बढाया जाता है।

वर्श 1985–86 के बजट पर सामान्य चर्चा (पुनरारम्भ)

श्री भागी रामः अध्यक्ष महोदय, मैं एक निवेदन और करूंगा। ि ाक्षा मंत्री जी अकसर हरियाणा में और खासकर सिरसा जिले में दौरे पर जाते हैं। ये स्कूलों के अन्दर पब्लिक मीटिंग करते हैं। जब स्कूलों में इनका प्रोग्राम चला जाता है तो वहां के स्कूलों के मास्टर गांव वालों को कहते हैं कि आप मीटिंग में चलें, नेहरा साहब आ रहे हैं। यदि आप लोग नहीं आएंगे तो नेहरा

साहब मुझे हटा देंगे, यह मेरी इज्जत का सवाल है। (हंसी) स्पीकर साहब, ये स्कूलों में पब्लिक मिटिंग करें, यह कोई सही बात नहीं है। (विघ्न) स्पीकर साहब, अब मैं चक्का गांव की बात कहना चाहूंगा। (विघ्न)

श्री अध्यक्षः आप बजट पर ही बोलें।

श्री भागी रामः स्पीकर साहब, मैं बजट पर ही बोल रहा हूं। आज ि ाक्षा का सारे हरियाणा में बुरा हाल है। मैं चक्का गांव की बात कर रहा था। इन्होंने एक बार चक्का गांव का प्रोग्राम बनाया। चक्का गांव के मास्टरों ने वहां पर इनका कोई पब्लिक मीटिंग का प्रोग्राम नहीं बनाया। उस स्कूल के अंदर हमारी एक अच्छी बहन लगी हुई थीं। .....

श्री अध्यक्षः मिनिस्टर का इन्स्टांस रिकार्ड में नहीं आएगा।

श्री जगदी ा नेहराः आन ए प्वायंट आफ आड्र, सर। अध्यक्ष महोदय, मेरा प्वायंट आफ आर्डर यह है कि ये बजट पर बोलें न कि मेरे बारे में बोलें। ये सारी बातें मेरे बारे में ही कहे जा रहे हैं।

श्री अध्यक्षः इनको आपसे प्यार है, इसलिए आपके बारे में कह रहे हैं। (हंसी)

श्री भागी राम: स्पीकर साहब, मेरा कहना यही है कि ये स्कूलों में पब्लिक मीटिंग या जलसे आदि न किया करें। दूसरी बात मैं यह कहना चाहता हूं कि जब भी गांव के लोग वि ेश कर हमारे जिले के लोग अफसरों से मिलने के लिए आते हैं तो दफतरों में अफसर नहीं मिलते। अफसरों की भीड मंत्री के पास लगी रहती है। एक एक मिनिस्टर के पीछे 20–20 अफसर लगे हुए होते हैं। मेरे कहने का मतलब यह है कि रैस्ट हाउसिज में हर वक्त मंत्री बैठे रहते हैं और सारे अफसर उनके चक्कर में लगे रहते हैं। (विघ्न) मंत्रियों पर पाबन्दी होनी चाहिये।

श्री अध्यक्ष: यह बजट की कौन सी मद है।

श्री भागी राम: मैं बजट पर ही बोल रहा हूं। स्पीकर साहब, मैं कहना चाहता हूं कि मंत्रियों के दौरे के दिन फिक्स होने चाहिएं कि इतने दिन कोई मंत्री दौरे पर रहेगा और इतने दिन मंत्री चण्डीगढ़ हैड क्वार्टर पर रहेगा। इनको ज्यादा प्रोग्राम बाहर के नहीं बनाने चाहिए। स्पीकर साहब, अब मैं ग्रिवैन्सिज कमेटी के बारे में कहना चाहता हूं। इस कमेटी की महीने में एक मीटिंग होती है। इस मीटिंग में मंत्री जी भी जाते हैं। मैंनें ग्रिवैन्सिज कमेटी की मीटिंग में भी मंत्री जी को कहा था और यहां पर भी पिछले सै ान में कहा था कि इस ग्रिवैन्सिज कमेटी में या तो प्रत्येक पार्टी के सदस्यों को भाामिल किया जाए या फिर इस ग्रिवैन्सिज कमेटी का नाम बदलकर कांग्रेस (आई) ग्रिवैन्सिज

कमेटी रख लिया जाये। (विघ्न) इन्होंने इस कमेटी में अपनी ही पार्टी के लोगों को लिया हुआ है। (विघ्न)

श्री अध्यक्षः आपका टाईम हो गया है।

श्री भागी रामः स्पीकर साहब, अभी मेरा टाईम खत्म नहीं हुआ।

श्री अध्यक्षः आपका टाईम खत्म हो गया हैं

अब हाउस मन्डे 25 मार्च, 1985 बाद दोपहर 2.00 बजे तक एडजर्न किया जाता है।

13.35 बजे।

(तत्प चात सदन सोमवार, 25 मार्च, 1985 को बाद दोपहर 2.00 बजे तक के लिए स्थगित हुआ।)